गुरूरतन सिंह उर्फ चट्टू सिंह पिता स्व0 लालगजाधर सिंह उम्र 67 वर्ष पेशा कृषि निवासी कृपालपुर सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0..रेस्पांडेन्ट/निगराकार

बनाम निग। 3950-II-15

यशवर्धन सिंह पिता स्व0 प्रशांत सिंह उम्र 5 वर्ष नाबालिग जरिये बली सरपरस्त माता श्रीमती रूपा सिंह पत्नी स्व0 प्रशांत सिंह निवासी कृपालपुर सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0... ....अपीलांट/गैरनिगराकार

श्री मुकेश भार्गव, अभि. द्वारा आज दि 10-12-15 को प्रस्तुत

क्लर्क ऑफ कोर्ट 10/12/15
राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

निगरानी विरूद्व आदेश दिनांक 20/10/2015 प्रकरण कमांक 108/अपील/2014-15 न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0

अंतर्गत धारा 50 म0प्र0भू0रा0संहिता

मुकेश भार्गव
10-12-15 एडवोकेट
ग्वालियर

मान्यवर,

निगराकार/रेस्पांडेन्ट निम्नानुसार निगरानी प्रस्तुत कर विनयी है:-

निगरानी के संक्षिप्त तथ्यः-

1- यह कि अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष अपीलांट/गैरनिगराकार के द्वारा एक अपील मौजा कृपालपुर तहसील रघुराजनगर जिला सतना म0प्र0 की आराजी नं0 440, 441, 442, 445/2, 457, 448, 459, 460 एवं आराजी नं0 265/1 तथा 267/1/ख के संबंध मे नामांतरण पंजी क0 216 आदेश दिनांक 08/07/2015 के विरूद्व प्रस्तुत करते हुए उक्त अपील मे यह उल्लेख किये थे कि उपरोक्त लिखित आराजी अपीलांट के पिता स्व0 प्रशांत सिंह के नाम थी जिनकी मृत्यु दिनांक 09/08/2015 को हो चुकी है। प्रशांत सिंह की मृत्यु के उपरांत उनके बाबा निगराकार/रेस्पांडेन्ट ने नाबालिक यशवर्धन सिंह के नाम के आंगे बली सरपरस्त के रूप मे अपना नाम दर्ज करवा लिये है। इसलिए उक्त नामांतरण पंजी क0 216 आदेश दिनांक 08/07/2015 को निरस्त कर बली सपरस्त के रूप मे नाबालिक यशवर्धन सिंह के बाबा के स्थान पर माता रूपा सिंह का नाम दर्ज किया जावे।

कमशः-2

रतनसिंह बघेल

R 3950-II/15 सतना

6/6/16

आवेदक अधि० श्री मुकेश मालवि- उपस्थित। अनावेदक अधि० श्री लखन सिंह इकर्ड उपस्थित। अनावेदक अधि० द्वारा तर्क में बताया कि आवेदक द्वारा यह निगरानी अनुविभागीय अधिकारी के अंतरिम आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत की गई थी, अब अनुविभागीय अधिकारी ने आदेश दिनांक 31/5/16 को अंतिम रूप से निराकरण कर दिया है अतः निगरानी व्यर्थ हो गई है। आवेदक अभिभाषक द्वारा कोई आपत्ति नहीं की। प्रकरण का अवलोकन करने के पश्चात निगरानी व्यर्थ हो जाने से समाप्त की जाती है। प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो।

सदस्य

6/6/16